जनसत्ता, कोलकाता, 20 नवंबर, 2010

हिंदुस्तान मोटर्स के पैवेलियन का हुआ उद्‌घाटन

कोलकाता, 19 नवंबर (जनसत्ता)। साल्टलेक स्टेडियम परिसर में शुक्रवार से शुरू हुई चार दिवसीय वाहन प्रदर्शनी 'ऑटो शो ईस्ट' में वाहन निर्माता कंपनी हिंदुस्तान मोटर्स भी हिस्सा ले रही है और आज ही यहां पर कंपनी के पैवेलियन का उद्‌घाटन हुआ।

इस मौके पर हिंदुस्तान मोटर्स ने अपने दो नए ब्रांड 'विनर एक्सडी प्लस व 1.8 सीएनजी' को लांच किया। दोनों ही वाणिज्यिक वाहन हैं। पैवेलियन के उद्‌घाटन समारोह में हिंदुस्तान मोटर्स लिमिटेड के प्रबंध निदेशक मनोज झा समेत कंपनी के कई अधिकारी भी मौजूद थे।